राजस्थान विधान सभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

अंक : 6] ग्यारहवीं विधान सभा के छठे सत्र का इक्कीसवां दिवस [संख्या : 7

सोमवार ;

16 अप्रेल, 2001

राजस्थान विधान सभा की बैठक 11.00 बजे विधान सभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई।

(श्री परसराम मदेरणा, अध्यक्ष, पदासीन)

शोकाभिव्यक्ति एवं श्रद्धांजलि

चौधरी श्री देवीलाल, पूर्व उप प्रधान मंत्री तथा पूर्व मुख्य मंत्री, हरियाणा के निधन पर

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, शोकाभिव्यक्ति के इस अवसर पर मैं गत दिनों दिवंगत हुए भारत के पूर्व उप प्रधान मंत्री तथा हरियाणा के पूर्व मुख्य मंत्री चौधरी देवीलालजी के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए यह शोक प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं।

स्वतंत्रता सेनानी तथा पूर्व उप प्रधान मंत्री श्री देवीलाल का जन्म 25 सितम्बर, 1914 को हरियाणा के सिरसा जिले के चौटाला ग्राम में हुआ। आपने देव समाज हाई स्कूल, मोगा से शिक्षा प्राप्त की।

श्री देवीलाल सातवीं तथा नौवीं लोक सभा के लिए क्रमशः हरियाणा के सोनीपत तथा राजस्थान के सीकर निर्वाचन क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हुए। आप वर्तमान में राज्य सभा के सदस्य थे।

नौवीं लोक सभा के कार्यकाल में आप वर्ष 1989 से 1991 तक दो बार भारत के उप प्रधान मंत्री पद पर आसीन रहे। इस अवधि के दौरान आपने कृषि तथा पर्यटन मंत्रालयों के दायित्वों का निर्वहन किया।

आप पहली, दूसरी और तीसरी पंजाब विधान सभा में सदस्य रहे तथा वर्ष 1963 में प्रतिपक्ष के नेता भी रहे। वर्ष 1956 में आप पंजाब के मुख्य संसदीय सचिव रहे।

आप वर्ष 1974, 1977, 1982, 1985 तथा 1987 में हरियाणा विधान सभा के विधायक निर्वाचित हुए। आप वर्ष 1979-80 में प्रतिपक्ष के नेता रहे। श्री देवीलाल वर्ष 1977-79 तथा 1987-89 में दो बार हरियाणा के मुख्य मंत्री भी रहे।

महात्मा गांधी के आह्वान पर आप 15 वर्ष की आयु में ही 10वीं कक्षा की पढ़ाई छोड़ कर स्वतंत्रता आन्दोलन में शामिल हो गये। आपने "सविनय अवज्ञा आन्दोलन" तथा "भारत छोड़ो आन्दोलन" में सक्रिय

श्री अध्यक्ष)

ूप से भाग लिया। 'नागरिक असहयोग ान्दोलन', 'किसान आन्दोलन' तथा स्वतंत्रता ान्दोलन में भाग लेने पर आप सात बार ाल भी गये।

श्री देवीलाल अपने राजनैतिक जीवन कांग्रेस, भारतीय क्रांति दल, लोकदल, नता दल, दलित मजदूर किसान पार्टी ौर समाजवादी जनता पार्टी से सम्बद्ध हे।

श्री देवीलाल का दिनांक 6 अप्रेल, 2001 ो निधन हो गया।

मैं श्री देवीलाल को अपनी ओर से तथा स सदन के सभी माननीय सदस्यों की ोर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं श्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके शोक संतप्त परिजनों को उनका बिछोह सहन करने की शक्ति दे।

माननीय सदस्यगण कृपया दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें।

(तदनन्तर सदन ने दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की)

दिवंगत आत्मा के सम्मान में सदन की बैठक मंगलवार, दिनांक 17 अप्रेल, 2001 के प्रातः 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 11.05 बजे मंगलवार ; 17 अप्रेल, 2001 के 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)